


# कुलाधिपति मनोज गौड़ ने जेपी विश्वविद्यालय में डीएलसी सेंटर का किया उद्घाटन



हापुड़ न्यूज संवाददाता अनुराग अग्रवाल

अनूपशहर । जेपी विश्वविद्यालय अनूपशहर में विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मनोज गौड ने लगभग 100 से ज्यादा विद्यार्थियों की क्षमता वाले डिजिटल लर्निंग सेंटर का फीता काट कर उद्घाटन कर कहा कि डीएलसी के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा पढ़ने सीखने और समझने को मिलेगा अपितु पूरी शैक्षणिक प्रक्रिया वैश्विक हो जाएगी जिसके द्वारा जेपी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में नवीनतम अवधारणाओं को आत्मसात करने का विश्व स्तरीय अनुभव प्राप्त हो सकेगा। जेपी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 राजीव सक्सेना ने संस्थापक कुलाधिपति जयप्रकाश गौड़ एवं कुलाधिपति मनोज गौड़ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डीएलसी विश्वविद्यालय के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा इसके माध्यम से हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश विदेश के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों जैसी ही शिक्षा ले सकेंगे और शिक्षक विद्यार्थियों के साथ इंटरएक्टिव रूप में संवाद कर सकेंगे तथा सीखने और समझने के एक नए स्तर को विकसित कर सकेंगें। आगामी वर्षों में यहां से पास आउट छात्र-छात्राओं को विश्व स्तरीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित होकर कार्य अनुभव का लाभ भी प्रदान हो सकेगा। नोएडा जेआईएल आईटी सेल की डायरेक्टर सुनीता जोशी ने बताया कि इस डीएलसी को तैयार करने में लगभग 3 महीने का समय लगा जिसमें सभी स्तर के एक्सपर्ट को लगाया गया। नोएडा के जेआईआईटी कंप्यूटर विभाग के डायरेक्टर प्रो0 विकास सक्सेना ने बताया कि निश्चित रूप से डिजिटल शिक्षा शिक्षक और विद्यार्थियों को एक नई दिशा प्रदान करेगी डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षार्थी अपनी रुचि और आवश्यकता अनुसार अध्ययन करने के लिए स्वतंत्र होंगें।इस स्व निर्देशित शिक्षा के द्वारा ऑडियो वीडियो कॉन्फ्रेंस विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल मोबाइल एप्लीकेशन ई बुक्स ऑनलाइन ट्यूटोरियल स्वप्रेक्षण वेबीनार तथा अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों के द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन लेक्चर आदि का उपयोग करके छात्र-छात्राएं जटिल से जटिल अवधारणाओं को समझने में सहायक होंगें। जेपी विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन डा0 निशांत श्रीवास्तव ने जेआईआईटी नोएडा के प्रोफेसरों के साथ जुड़कर छात्र-छात्राओं को एक डेमो क्लास संचालित करके दिखाया। कार्यक्रम के अंत में रजिस्ट्रार संजय अग्रवाल द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा0 चेतना ने किया। इस अवसर पर जेआईएल के हेड मनोज कुमार विश्वविद्यालय के समस्त प्राध्यापक आईटी सेल व स्टाफ सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद बुलंदशहर सरकारी कार्यालय, सामाजिक एवं



अनूपशहर स्थित जेपी विश्वविद्यालय में डी एल सी कक्ष का उद्घाटन करते कुलाधिपति मनोज गौड़ व अन्य • जागरण

# पश्चिम के विज्ञान और भारत के ज्ञान का उदाहरण बनेगा जेपी विश्वविद्यालय : मनोज

**संवाद सूत्र, जागरण • अनूपशहर :** जेपी विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग सेंटर का कुलाधिपति मनोज गौड़ ने उद्घाटन कर विद्यार्थियों को उच्च तकनीक से शिक्षित करने का उपहार दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम के विज्ञान और भारत के ज्ञान का उदाहरण जेपी विश्वविद्यालय बनेगा।

सोमवार को जेपी विश्वविद्यालय में कुलाधिपति मनोज गौड़ द्वारा 100 से अधिक विद्यार्थियों की क्षमता वाले डिजिटल लर्निंग सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। मनोज गौड़ ने कहा की डीएलसी के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा पढ़ने सीखने और समझने को मिलेगा।

कुलपति प्रो. राजीव सक्सेना ने कहा कि डीएलसी विश्वविद्यालय के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश-विदेश के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों जैसी ही शिक्षा ले सकेंगे। नोएडा से आईं जेआईएल आईटी सेल की डायरेक्टर सुनीता जोशी ने बताया कि डीएलसी को तैयार करने में 3 महीने का समय लगा। जिसमें सभी स्तर के एक्सपर्ट को लगाया गया। नोएडा के जेआइआइटी कंप्यूटर विभाग के डायरेक्टर प्रो. विकास सक्सेना ने बताया कि निश्चित रूप से डिजिटल शिक्षा शिक्षक और विद्यार्थियों को एक नई दिशा प्रदान करेगी। इस स्व निर्देशित शिक्षा के द्वारा आडियो, वीडियो कान्फ्रेंस, विभिन्न आनलाइन पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन, ई बुक्स, ऑनलाइन ट्यूटोरियल, स्वप्रेक्षण, वेबीनार आदि का उपयोग कर जटिल से जटिल अवधारणाओं को समझने में सहायक हो होंगे। जेपी विश्वविद्यालय के एसोसिएट डीन डा. निशांत श्रीवास्तव ने जेआइआइटी नोएडा के प्रोफेसर के साथ जुड़कर छात्र-छात्राओं को एक डेमो क्लास भी संचालित करके दिखाया। संचालन डा.चेतना शर्मा ने किया। इस अवसर रजिस्ट्रार संजय अग्रवाल, जे आई एल के हेड मनोज कुमार, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बीआरसी डिबाई,भारतीय स्टेट बैंक कृषि शाखा, बीएसएनएल ऑफिस में आधार कार्ड अपडेट करने की मशीन लगी हुई थी उन जगहों पर आधार

# विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग सेंटर का हुआ उद्घाटन

**अनूपशहर, (पंजाब केसरी):** सोमवार को जेपी विश्वविद्यालय में कुलाधिपति मनोज गौड द्वारा लगभग 100 से ज्यादा विद्यार्थियों की क्षमता वाले डिजिटल लर्निंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मनोज गौड़ ने कहा की डीएलसी के माध्यम से विद्यार्थियों को न केवल अत्याधुनिक तकनीक के द्वारा पढ़ने सीखने और समझने को मिलेगा अपितु पूरी शैक्षणिक प्रक्रिया वैश्विक हो जाएगी जिसके द्वारा जेपी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को ऑनलाइन और ऑफलाइन मोड में नवीनतम अवधारणाओं को आत्मसात करने का विश्व स्तरीय अनुभव प्राप्त हो सकेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर राजीव सक्सेना ने जयप्रकाश गौड़ व मनोज गौड़ का ह्दय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डीएलसी विश्वविद्यालय के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम से हमारे विश्वविद्यालय के विद्यार्थी देश-विदेश के श्रेष्ठ शिक्षण संस्थानों जैसी ही शिक्षा ले सकेंगे और शिक्षक विद्यार्थियों के साथ इंटरएक्टिव रूप में संवाद कर सकेंगे उनके बीच सीखने और समझने के एक नए स्तर को विकसित कर सकेंगे आगामी वर्षों में जिसके द्वारा यहां से पास आउट छात्र-छात्राओं को विश्व स्तरीय राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों में चयनित होकर कार्य अनुभव का लाभ भी प्रदान हो सकेगा। नोएडा के जेआईआईटी कंप्यूटर विभाग के डायरेक्टर ने प्रोफेसर विकास सक्सेना ने बताया कि निश्चित रूप से डिजिटल शिक्षा शिक्षक और विद्यार्थियों को एक नई दिशा प्रदान करेगी डिजिटल शिक्षा के माध्यम से शिक्षार्थी अपनी रुचि और आवश्यकता अनुसार अध्ययन करने के लिए स्वतंत्र होंगे इस स्व निर्देशित शिक्षा के द्वारा ऑडियो,वीडियो कॉन्फ्रेंस, विभिन्न ऑनलाइन पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन, ई बुक्स, ऑनलाइन ट्यूटोरियल, स्वप्रेक्षण, वेबीनार तथा अपने विश्वविद्यालय के शिक्षकों के द्वारा ऑनलाइन और ऑफलाइन लेक्चर आदि का उपयोग करके छात्र-छात्राएं जटिल से जटिल अवधारणाओं को समझने में सहायक हो सकेंगे।

विनोद शर्मा -पंजाब केसरी

# जेपी विवि में लर्निंग सेंटर का उद्घाटन



बुलंदशहर (वि)। जेपी विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग सेंटर का उद्घाटन विवि के कुलाधिपति मनोज गौड़ ने किया। उन्होंने कहा कि सेंटर के माध्यम से विद्यार्थियों को अत्याधुनिक तकनीक से पढ़ने और सीखने का अवसर मिलेगा। इस अवसर पर कुलपति प्रो. राजीव सक्सेना ने विवि के संस्थापक कुलाधिपति जयप्रकाश गौड़ और कुलाधिपति का आभार व्यक्त किया। जेआईएल आईटी सेल की डायरेक्टर सुनीता जोशी ने बताया कि सेंटर 03 माह में तैयार होगा। जेआईआईटी, नोएडा के कंप्यूटर विभाग के डायरेक्टर प्रो. विकास सक्सेना भी सेंटर के लाभ बताए। रजिस्ट्रार संजय अग्रवाल ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चेतना ने किया। इस अवसर पर सेंटर हेड मनोज कुमार, विवि डीन निशांत श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



अनूपशहर जेपी विवि में डिजिटल लर्निंग सेंटर का उद्घाटन करते कुलाधिपति।

# डिजिटल लर्निंग सेंटर का उद्घाटन

हिंदुस्तान
समाचार पत्र

बुलंदशहर, अनूपशहर। जेपी विश्वविद्यालय में डिजिटल लर्निंग सेंटर का कुलाधिपति मनोज गौड़ ने भव्य उद्घाटन कर जेपी गौड़ के छोटी काशी के बच्चों को उच्च तकनीक शिक्षा दिलाने के सपनों को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएगा। कुलपति प्रो. राजीव सक्सेना, नोएडा से आई जेआईएल आईटी सेल की डायरेक्टर सुनीता जोशी, डायरेक्टर प्रो. विकास सक्सेना, एसोसिएट डीन डा. निशांत श्रीवास्तव, डा.चेतना शर्मा, रजिस्ट्रार संजय अग्रवाल आदि रहे।